# क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)–473249
Email- registrar24kttu@gmail.com

**क्रमांक 1365/नामांकन/गोप. /क्रा.ता.वि. /2025** **गुना, दिनांक 24/12/2025**

## // संशोधित अधिसूचना //

**(समय-सीमा )**

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि समस्त स्नातक / समस्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिये) एवं शिक्षा संकाय तथा अन्य पाठ्यक्रम वर्ष-2025 में प्रथम वर्ष / प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित एवं नामांकित छात्रों के लिये छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु अधिसूचना निम्नानुसार घोषित की जाती है :-

छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन हेतु कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं शुल्क का विवरण

| कक्षाओं के नाम अन्य विवरण | | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल से उत्तीर्ण एवं क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय अधिकार क्षेत्र से उत्तीर्ण स्नातक/ स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु | माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड से उत्तीर्ण एवं क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय अधिकार क्षेत्र के बाहर से उत्तीर्ण स्नातक / स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु |
|---|---|---|---|
| **वर्ष 2025 में प्रथम वर्ष / प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित एवं नामांकित छात्रों के लिये** | प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क | निरंक | निरंक |
| **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन करते समय Application No. के माध्यम से फार्म नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** | 05.01.2026 | | |
| **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन बिलंव शुल्क रूपये 200/- के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि ।** | 08.01.2026 | | |
| **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन उपरांत समस्त दस्तावेजों को जांचोपरांत महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** | 10.01.2026 | | |

**// आवश्यक निर्देश//**

1. छात्रों के छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म Application ID एवं DOB के द्वारा MP Online Portal पर प्रदर्शित होगें।
2. समस्त विद्यार्थियों के छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन कराना अनिवार्य है ।
3. समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित एवं नामांकित PG कोर्स के छात्र / छात्राओं को आवश्यक रूप से छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन MP Online माध्यम से भरना है । ऐसे समस्त छात्र/ छात्राऐं जो प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म नहीं भरेंगे वे

4. उपरोक्त निर्धारित की गई तिथि में किसी भी प्रकार की बढोत्तरी नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि तक ही प्रोफाइल एवं रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें । यदि छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन के आभाव में कोई छात्र परीक्षा से वंचित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी ।
5. MP Online के Portal पर छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म भरते समय छात्रों को निम्न दस्तावेज लगाना अनिवार्य है।
6. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का संशय होने की स्थिति में नामांकन शाखा प्रभारी से संपर्क कर प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें ।

**// आवश्यक दस्तावेज //**

1. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र की प्रति ।
2. Proof of Date of Birth जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाईस्कूल या हायर सैकेण्ड्री की अंकसूची)
3. (10+2) Marksheet अंकसूची/ स्नातक की अंकसूची परीक्षार्थी द्वारा स्व-प्रमाणित एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर सील करना अनिवार्य है।
4. Migration Certificate (प्रवजन प्रमाण –पत्र) । (यदि छात्र ने (10+2)/ स्नातक स्तर की परीक्षा अन्य राज्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।)
5. Eligibility Certificate (अर्हता प्रमाण –पत्र), मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र । (यदि छात्र ने (10+2)/ स्नातक स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।)
6. Gap Certificate. (अगर छात्र का पिछली परीक्षा तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अंतराल रहा है।)
7. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र जमा करते समय महाविद्यालय सीट संख्या तथा संबद्धता का पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करें अन्यथा महाविद्यालय का आवेदन पत्र जमा नहीं किये जा सकेंगे ।
8. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म में गलत जानकारी पाये जाने पर संपूर्ण जिम्मेदारी छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी ।

**(डॉ. ललित कुमार नामदेव)**
**कुल सचिव**
**क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)**

**प्रतिलिपि -**

1. माननीय कुलगुरू के निजसचिव, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
2. कुलसचिव के निज सहायक, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
3. उप-कुलसचिव / सहायक कुलसचिव (परीक्षा) क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
4. प्राचार्य समस्त संबंधित महाविद्यालय, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र गुना ।
5. नामांकन शाखा, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय ,गुना।
6. विभागाध्यक्ष/निर्देशिक/समन्वयक, समस्त अध्ययनशाला, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
7. प्रभारी, आई.टी. सैल, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।

**(डॉ. प्रभात चौधरी)**
**परीक्षा नियंत्रक**
**क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)**